आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 18.03.2025 समय : 07.10Pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को किया है प्रतिबिंबित ।
- प्रदेश विधानसभा में मंडला जिले में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के मुद्दे पर हुआ हंगामा।
- रेलवे ने पिछले दस वर्षों में दी **पांच लाख** नौकरियां, एक लाख से अधिक पदों पर जारी है भर्ती प्रक्रिया ।
- इंदौर में कल रंगपंचमी पर निकलेगी पारंपरिक गेर, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम ।

**प्रधानमंत्री महाकुंभ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ ने उभरते भारत की भावना को प्रतिबिंबित किया है और पूरे विश्व ने देश की शक्ति को देखा है। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता भारत की विशेषता है, जिसे हाल ही में संपन्न महाकुंभ के दौरान अनुभव किया गया। जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में कई नदियां हैं और उनमें से कुछ खतरे में हैं। महाकुंभ पर आज लोकसभा में बयान देते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब पूरा विश्व चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है, तो इस एकता का भव्य प्रदर्शन देश की सबसे बड़ी ताकत है।

**प्रदेश विधानसभा**

विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन आज प्रश्नकाल में महिला विधायकों विशेषकर पहली बार की महिला विधायकों को प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया। शुरू के सात प्रश्न महिला विधायकों के ही थे। वहीं,ध्यानाकर्षण के दौरान मंडला जिले में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। हालात यहां तक आ गये कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में विपक्षी सदस्य गर्भगृह में नारेबाजी करने के बाद बहिगर्मन कर गए । आज विधानसभा में भोजन अवकाश नहीं हुआ। सदन निरंतर चलता रहा। ध्यानाकर्षण के बाद अध्यक्ष ने बजट पर चर्चा हुई । नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में भुखमरी की स्थिति है। जवाब में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि बजट तेरा तुझको अर्पण की नीति पर बनाया गया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण

प्रदेश में नगरीय निकायों में हर साल की तरह स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 शुरू हो चुका है। इस वर्ष मध्यप्रदेश के सभी शहर इसमें अपनी दावेदारी कर रहे हैं। प्रदेश के शहरों ने स्टार रेटिंग, ओडीएफ डबल प्लस के लिए अपना दावा किया है। इसके अलावा 44 शहरों ने वाटर प्लस के लिए अपनी दावेदारी की है। प्रदेश में लगभग 6 हजार 700 टन कचरा प्रतिदिन संग्रह किया जाता है। इसके लिए 7 हजार 500 से अधिक कचरा वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इस संग्रहित कचरे की प्रोसेसिंग के लिए हर छोटे-बड़े शहर में जरुरी संसाधन उपलब्ध हैं।

## मुख्यमंत्री ओंकारेश्वर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ओंकारेश्वर में दादा गुरु की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 2028 में सिंहस्थ को भव्य बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण से मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इसी तरह ओंकारेश्वर लोक का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ओंकारेश्वर धाम भी आने वाले समय में जगमगाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं जुटाई जायेंगी। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार गौ-पालन को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत जो व्यक्ति 10 से ज्यादा गाय खरीदेगा, उसे सरकार द्वारा अनुदान दिया जायेगा।

## लोकसभा-रेलवे चर्चा

रेलवे ने पिछले दस वर्षों में **पांच लाख** नौकरियां दी हैं और एक लाख से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे अच्छी वित्तीय स्थिति में है और सरकार इसे और बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। श्री वैष्णव ने रेल मंत्रालय के कामकाज पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में 2020 से यात्री किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और यह अन्य देशों की तुलना में काफी किफायती है।

## छतरपुर स्वास्थ्य

प्रदेश के 7 चिन्हित जिलों में मैटरनल इन्फेंट एंड यंग चाइल्ड न्यूट्रीशन-एमआईवायसीएन पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। प्रोजेक्ट के अंतर्गत गर्भवती, धात्री माताओं तथा शिशुओं के पोषण सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमलों को

सघन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छतरपुर जिले में इस प्रोजेक्ट के तहत उत्कृष्ट कार्य किया गया है। जिसकी राज्य स्तर पर सराहना हुई है । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल में मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा इस उपलब्धि पर छतरपुर कलेक्टर को प्रशंसा पत्र प्रेषित किया गया है ।

<u>बैतूल वन संरक्षित क्षेत्र</u>

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और मेलघाट टाइगर रिजर्व के बीच वन्य प्राणियों का कॉरिडोर से विचरण होते रहता है। अब सरकार ने इस दिशा में कदम उठाते हुए बैतूल जिले में आने वाले कॉरिडोर को कन्वर्जन रिजर्व घोषित किया है। यह क्षेत्र वास्तव में दो वादियों और घने जंगलों का संगम स्थल है, जहां बड़ी संख्या में वन्य जीव विचरण करते हैं। इस क्षेत्र को संरक्षित करने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

इंदौर गेर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में रंगपंचमी पर होने वाली विश्वप्रसिद्ध पारंपरिक गेर कल निकलेगी। करीब तीन किलोमीटर लंबी गेर में लाखों लोग शामिल होंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि गेर को देखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी भी आगंतुक को असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि गेर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होने के लिए आ रहे हैं।

इंदौर में जिला प्रशासन ने गेर के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। राजवाड़ा को ढंक दिया गया है, ताकि रंगों के कारण वह खराब न हो। हुड़दंगियों पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी।

**धार** जिले में रंग पंचमी पर बड़ी संख्या में फाग यात्रा निकाली जाएगी। गत 25 वर्षों से निकाली जा रही राधा कृष्ण फाग यात्रा आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी. **बड़वानी** में कल रंग पंचमी के अवसर पर परम्परानुसार गेर निकाली जायेगी ।

<u>समाचार संक्षेप में....</u>

- शाजापुर जिले में पुलिस विभाग के सीएम हेल्पलाइन के 241 मामले लंबित है,इनके निपटारे के लिए आज संबंधित पक्षों को बुलाकर चर्चा की गयी ।

- भोपाल के शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र में 5 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म और हत्या करने वाले आरोपी अतुल भालसे को भोपाल ज़िला न्यायालय ने फांसी की सजा सुनाई है।
- नीमच में अब उपखण्ड, तहसील, विकासखंड, नगरीय निकाय, मुख्यालय पर भी जनसुनवाई कर जन समस्याओं का निराकरण किया जा रहा हैं।
- रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर द्वारा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया गया।
- शहडोल जिले के जमीनों के दाम बढ़ेंगे। जमीनों के बाजार मूल्य में 11 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है।
- सागर में संभाग आयुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दमोह के प्रभारी सहायक यंत्री एवं प्रभारी सहायक यंत्री को निलंबित कर दिया।
- भोपाल में स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान दिवस पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति का आयोजन किया गया है. और
- भोपाल में शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज ब्लाइंड क्रिकेट टीम और शिवाजी क्रिकेट टीम के बीच मैच खेला गया। इस मुकाबले में ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने जीत हासिल की।